<u>संदेश</u>

क्रिसमस के शुभ अवसर पर, मैं सभी देशवासियों, विशेषकर ईसाई भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

क्रिसमस, प्रभु ईसा मसीह के जन्मोत्सव को हर्षोल्लास से मनाने का अवसर है। यह उत्सव लोगों के जीवन में शांति , सद्भावना और करुणा का संचार करता है। इस उत्सव पर हम अपने हृदय को दूसरों के प्रति प्रेम औरदया के प्रकाश से आलोकित करते हैं।

मेरी प्रार्थना है कि यह उत्सव पूरी दुनिया में शांति का वातावरण और समस्त मानवजाति में सद्भाव बनाए रखने का माध्याम बने। आइए, इस उत्सव पर हम ईसा मसीह की प्रेम , करुणा और मानवता की शिक्षाओं को पुन: आत्मसात करें और देश एवं समाज के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध हों।

*****